फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 दिनॉकः मार्च 26, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर के थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा वांछित व 15 हजार रुपये के ईनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस बरामद।**

अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतुं श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नई मण्डीके निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना नई मण्डी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 25.03.2023 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री गुरबचन सिंह मय का0 2393 अनिल कुमार, का0 2357 कीर्तिराज मय प्राइवेट वाहन से वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में थाने से रवाना होकर ग्राम पचौण्डा की पुलिया पर चेकिंग कर रहे थे तो मुखबिर खास द्वारा थाना नई मण्डी पुलिस टीम को सूचना दी गयी कि करीब 8–9 महीने पहले ग्राम सीसौना रोड पर हुई पुलिस मुठभेड़ में भागा हुआ अभियुक्त नदीम उर्फ हांडा भोपा बस स्टैण्ड पर खडा तथा कही जाने की फिराक में है जो बस का इंतजार कर रहा है, अभियुक्त के पास अवैध अस्लाह भी है यदि जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है। पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर भोपा बस स्टैण्ड पहुंची तो मुखबिर ने एक दम गाडी रुकवाकर कहा कि जो व्यक्ति नीला व लाल ट्रैक सूट पहने है वही नदीम है तथा मुखबिर चला गया। थाना नई मण्डी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के पास गाडी रोकी जिसे देखकर अभियुक्त भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त का पीछा किया गया तथा आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा जामा तलाशी लेते हुए अभियुक्त से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम नदीम उर्फ हाण्डा पुत्र जमशेद निवासी मिमलाना रोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर बताया।

गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ हाण्डा उपरोक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पर मु0अ0सं0 151/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री अनिल कुमार तौमर द्वारा की जा रही है। दिनांक 29.06.2022 को ग्राम सिसौना रोड पर थाना सिखेडा पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त आशु उर्फ आश मौहम्मद पुत्र जरीफ निवासी खालापार थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया था जिसके कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस, 01 फर्जी नम्बर प्लेट लगी बुलेरो पिकअप व चोरी की गयी 02 भैंस व 01 लवारा बरामद किया गया था, उक्त पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त नदीम उर्फ हाण्डा पुत्र जमशेद उपरोक्त मौके से फरार हो गया था जिसे आज दिनांक 26.03.2023 को थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ हाण्डा थाना नई मण्डी व अन्य थानों पर पंजीकृत विभिन्न अभियोगों में भी वांछित था जिनका विवरण अभियुक्त के आपराधिक इतिहास में लिखा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता–**

1. नदीम उर्फ हाण्डा पुत्र जमशेद निवासी मिमलाना रोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरण–**

➡01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ हाण्डा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0स0– 99/2004 धारा– 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
2. मु0अ0स0– 64/2006 धारा– 147/148/149/307 भादवि थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
3. मु०अ०स0– 338/2006 धारा– 302 भादवि थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
4. मु०अ०स०– 608/2006 धारा– 379/411 भादवि थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
5. मु०अ०स०– 631 /2006 धारा– 307 भादवि थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
6. मु०अ०स०– 633/2006 धारा– 25 आर्मस एक्ट थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0स0– 634/2006 धारा– 420/467/468/471 भादवि थाना तितावी, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
8. मु0अ0स0– 006/2015 धारा– 3/25 आर्मस एक्ट थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर।
9. मु०अ०स०–634 / 2018 धारा– 380/457 भादवि थाना मइम रोहतक, हरियाणा।
10. मु०अ०स०– 105/2021 धारा– 379 भादवि थाना मइम रोहतक, हरियाणा।(वांछित)
11. मु०अ०सं०– 106/2021 धारा– 379 भादवि0 थाना बांस, हरियाणा। (वांछित)
12. मु0अ0स0– 417/2021 धारा– 380/457 भादवि थाना सोहाना जनपद मौहली पंजाब।
13. मु0अ0स0– 37/2022 धारा– 379/411 भादवि थाना गढी पुख्ता, शामली।
14. मु0अ0स0– 02/2022 धारा 380/411 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
15. मु०अ०स०– 04/2022 धारा– 414 भादवि0 थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
16. मु0अ0स0– 325 / 2022 धारा– 307 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
17. मु0अ0स0– 327/2022 धारा– 414/465/468 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
18. मु0अ0स0– 384/2022 धारा– 414 भादवि थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।(वांछित)
19. मु०अ०स०– 151/2023 धारा– 3/25 आर्मस एक्ट थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–

1. उ0नि0 श्री गुरूवचन सिंह थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
2. है0का0 318 सुशील कुमार थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
3. है0का0 66 सोविन्दर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
4. है0का0 556 इरफान अली थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
5. का0 810 मनेन्द्र राणा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
6. का० 1981 कुलदीप कुमार थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
7. का० 2393 अनिल कुमार थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
8. का0 2357 कीर्तिराज थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।

नोटः– गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ हाण्डा उपरोक्त थाना नई मण्डी पर पंजीकृत अभियोगों मु0अ0स0–325/2022 धारा– 307 भादवि, मु0अ0स0– 327/2022 धारा– 414/465/468 भादवि तथा मु0अ0स0– 384/2022 धारा– 414 भादवि में वांछित व 15 हजार रुपये का ईनामी अपराधी है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।